J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:19.12.2022**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह का आयोजन

फरीदाबाद, 18 दिसम्बर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह रिजो-2022 का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन जूनियर्स और सीनियर्स के बीच भावनात्मक जुड़ाव पैदा करते हैं, जिसे छात्र जीवन भर याद रखते हैं। इस मौके पर छात्र क्लबों ने कई सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। इन सभी गतिविधियों में नए बैच के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, भांगड़ा, हरियाणवी और पश्चिमी नृत्य, योग प्रदर्शन, नाटक और तकनीकी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का समापन डीजे



*फ्रेशर्स समारोह में रंगारंग प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। (छाया: एस शर्मा)*

इवनिंग के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर और मिस्टर एंड मिस टैलेंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को कुलपति प्रो. तोमर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शिल्पा सेठी व डॉ. सोनिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डॉ. हरीश, डॉ. प्रीति, डॉ. अश्लेषा, डॉ. संगीता और सुश्री लविता ने भी कार्यक्रम के सुचारू संचालन में योगदान दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छांत्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डीन (संस्था) प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. राज कुमार, डॉ. नीतू गुप्ता और अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

## मीडिया-टेक' पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का आयोजन

जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कार्यालय के द्वारा 19 दिसम्बर को 'मीडिया टेक' पोर्टफोलियो प्रदर्शनी- इंटर्नशिप एवम् प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।

संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि पोर्टफोलियो प्रदर्शनी मीडिया विभाग का एक नियमित कार्यक्रम है। 'मीडिया-टेक' पोर्टफोलियो प्रदर्शनी में मुख्य रूप से छात्रों द्वारा उनके पूरे कोर्स के दौरान किए गए कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमे फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, समाचार लेखन, स्वनिर्मित न्यूज कार्यक्रम, एनीमेशन, प्रेस रिलीज, डॉक्यूमेंट्री और फिल्मों के रूप में कार्य प्रदर्शित किए जायेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में फरीदाबाद जिले के उपायुक्त विक्रम मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. तोमर, निर्माण विज्ञापन कंपनी के निर्देशक ए. एस. नारंग, युगासा सॉफ्टवेयर लैब कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी मनीष प्रधान सम्मानित मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम में मीडिया विभाग के एनीमेशन तथा पत्रकारिता एवम् जनसंचार के स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के छात्र भाग लेंगे। यह कार्यक्रम छात्रों के कार्य प्रदर्शन के साथ साथ इंटर्नशिप व प्लेसमेंट ड्राइव पर भी फोकस करेगा।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:19.12.2022**

# DAINIK JAGRAN

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के नए कैंपस का निर्माण कार्य मई से



जेसी बोस विश्वविद्यालय के दूसरे कैंपस के निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक करतीं विधायक सीमा त्रिखा। साथ में हैं दाएं से दूसरे कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर, कुलसचिव डा.एसके गर्ग व अन्य • सौ.विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: जेसी बोस विश्वविद्यालय के दूसरे कैंपस का निर्माण अगले वर्ष से होगा। यह कैंपस गांव भांकरी में विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के दूसरे कैंपस के निर्माण को लेकर विधायक सीमा त्रिखा ने समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने की। नया कैंपस बनने से तकनीकी शिक्षा के छात्रों को बेहतर शिक्षा माहौल मिलेगा और प्रयोगात्मक ज्ञान भी मिलेगा। वर्तमान कैंपस छोटा होने की वजह से की कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं।

कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय का आधार विज्ञान व प्रौद्योगिकी है और अनुसंधान व नवाचार को प्रोत्साहन देने पर ज्यादा फोकस है। विश्वविद्यालय बहुविषयक नए पाठ्यक्रम करने की योजना रखता है, लेकिन जगह की कमी के कारण विश्वविद्यालय की प्रगति बाधित है। बैठक में कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग, डीन इंस्टीट्यूशन प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. पीआर शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय तनेजा सहित कई लोग बैठक में शामिल हुए।

विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा काफी समय से कैंपस विस्तार के लिए जमीन की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2020 में जेसी बोस विश्वविद्यालय के विस्तार के लिए ग्राम भांकरी में 18 एकड़ भूमि के आवंटन के मंजूरी प्रदान की थी।

भूमि आवंटन की सभी औपचारिकताओं को पूरा किया जा चुका है। वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जमीन में निर्माण के लिए वन विभाग से एनओसी मांगी गई है, जो कि जल्द ही मिलने की संभावना है। विधायक सीमा त्रिखा ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के नए कैंपस के निर्माण कार्य को शुरू करने में आ रही तकनीकी कठिनाइयों को जल्द दूर कर लिया जाएगा। अगले वर्ष मई में मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के नए कैंपस का शिलान्यास करेंगे।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING:19.12.2022**

# जेसी. बोस विश्वविद्यालय में रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह का आयोजन

**तहलका जज्बा**

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह 'रिज़ो-2022' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर रहे। कुलपति प्रो. सुशील ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन जूनियर्स और सीनियर्स के बीच भावनात्मक जुड़ाव पैदा करते हैं, जिसे छात्र जीवन भर याद रखते हैं। इस मौके पर छात्र क्लबों ने कई सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। इन सभी गतिविधियों में नए बैच के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। सांस्कृतिक




कार्यक्रम जैसे गीत, भांगड़ा, हरियाणवी और पश्चिमी नृत्य, योग प्रदर्शन, नाटक और तकनीकी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का समापन डीजे इवनिंग के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर और मिस्टर एंड मिस टैलेंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को कुलपति प्रो. तोमर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**NEWS CLIPPING:19.12.2022**

# AMAR UJALA

## फ्रेशर्स डे पर रंगारंग कार्यक्रम

**फरीदाबाद**। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ की ओर से नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस दौरान फ्रेशर्स डे समारोह रिजो का आयोजन किया गया।

इस मौके पर गीत, भांगड़ा, हरियाणवी और पश्चिमी नृत्य, योग प्रदर्शन और नाटक प्रस्तुत किए गए। इस दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर और मिस्टर एंड मिस टैलेंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संवाद

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:19.12.2022**

# DAINIK BHASKAR

## जेसी बोस विवि में फ्रेशर्स-डे समारोह, छात्रों ने गीत-संगीत और नृत्य से समां बांधा

फरीदाबाद | जेसी बोस विश्वविद्यालय में नए छात्रों के स्वागत के लिए रंगारंग फ्रेशर्स-डे समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स ने गीत-संगीत व नृत्य से समां बांध दिया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर थे। उन्होंने कहा कि विवि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस मौके पर छात्र क्लबों ने गीत, भंगड़ा, हरियाणवी व पश्चिमी नृत्य, योग प्रदर्शन, नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन डीजे इवनिंग के साथ हुआ। इस दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर और मिस्टर एंड मिस टैलेंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को कुलपति प्रो. तोमर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

**NEWS CLIPPING:19.12.2022**

# PIONEER

## जेसी बोस में रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन जूनियर्स और सीनियर्स के बीच भावनात्मक जुड़ाव पैदा करते हैं, जिसे छात्र जीवन भर याद रखते हैं। इस मौके पर छात्र क्लबों ने कई सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। इन सभी गतिविधियों में नए बैच के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, भांगड़ा, हरियाणवी और पश्चिमी नृत्य, योग प्रदर्शन, नाटक और तकनीकी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का समापन डीजे इवनिंग के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर और मिस्टर एंड मिस टैलेंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को कुलपति प्रो. तोमर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शिल्पा सेठी व डॉ. सोनिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डॉ. हरीश, डॉ. प्रीति, डॉ. अश्लेषा, डॉ. संगीता और सुश्री लविता ने भी कार्यक्रम के सुचारू संचालन में योगदान दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डीन (संस्था) प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. राज कुमार, डॉ. नीतू गुप्ता और अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:19.12.2022**

# PIONEER

## पोर्टफोलियो प्रदर्शनी आज

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कार्यालय के द्वारा 19 दिसम्बर को 'मीडिया टेक' पोर्टफॉलियो प्रदर्शनी- इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि पोर्टफोलियो प्रदर्शनी मीडिया विभाग का एक नियमित कार्यक्र म है। 'मीडिया-टेक' पोर्टफोलियो प्रदर्शनी में मुख्य रूप से छात्रों द्वारा उनके पूरे कोर्स के दौरान किए गए कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, समाचार लेखन, स्वनिर्मित न्यूज कार्यक्रम, एनीमेशन, प्रेस रिलीज, डॉक्यूमेंट्री और फिल्मों के रूप में कार्य प्रदर्शित किए जायेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में फरीदाबाद जिले के उपायुक्त विक्रम मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. तोमर, निर्माण विज्ञापन कंपनी के निर्देशक ए. एस. नारंग, युगासा सॉफ्टवेयर लैब कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी मनीष प्रधान सम्मानित मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।